राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

गुरूकुल वार्षिक महोत्सव – 2019

सांस्कृतिक जड़ों से जुड़कर विकास में सक्रिय भागीदारी निभायें

– राज्यपाल श्री कलराज मिश्र

जयपुर, 14 सितम्बर। राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि शिक्षा का संस्कृति के साथ जुड़ाव महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए शिक्षा और समृद्ध संस्कृति दोनों आवश्यक हैं। श्री मिश्र ने कहा कि सांस्कृतिक जड़ों से जुड़कर ही हम देश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ा सकते है। उन्होंने देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए युवाओं का आव्हान किया।

राज्यपाल श्री मिश्र शनिवार को नई दिल्ली के नजफगढ़ में आनन्दधाम आश्रम के गुरूकुल वार्षिक महोत्सव – 2019 को सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने गुरूकुल शिक्षा व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि गुरूकुल शिक्षा के माध्यम से देश के भविष्य को बेहतर तरीके से संवारा जा सकता है। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा कि संस्कृति के साथ शिक्षा से बच्चों का बौद्धिक विकास तीव्र गति से होता है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने देश व दुनिया में भारतीय संस्कृति से युक्त शिक्षा के प्रसार में स्वामी विवेकानन्द के योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द जैसे मनीषियों ने भारतीय संस्कृति से पूरी दुनिया को रू–ब–रू कराया। भारतीय विद्वानों के अथाह योगदान से ही भारत को विश्व गुरू का दर्जा मिला।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि विद्यालयों में दी जा रही भारतीय संस्कृति व सांस्कृतिक शिक्षा से दुनिया के दूसरे देशों में रह रहे लोगों को प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर सांसद श्री सुमेधानन्द, सांसद श्री सतपाल सिंह व श्री सुधांशु सहित अनेक गणमान्य नागरिकगण मौजूद थे।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल